चाहे खुशियां दे या ग़म मुस्कुरा कर मैं लूंगा लिरिक्स

मुझे जो देंगे मेरे श्याम,
सर झुका कर मैं लूंगा,
चाहे खुशियां दे या ग़म,
मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है।bd।

chahe khushiyan de ya gam bhajan lyrics

तर्ज – तुझे ना देखूं तो चैन।

देखे – चाहे जैसे मुझे रख लो।

जीवन मेरा तेरे ही हवाले रहे,
मुझको यूँ सदा तू ही संभाले रहे,
कैसे बाबा तेरा शुकराना करूँ,
तेरे ही सहारे मैं गुज़ारा करूँ,
गुज़ारा करूँ,
हर पल यूँ ही तेरा,
गुण गाकर मैं लूंगा,
चाहे खुशियाँ दे या ग़म,
मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है।bd।

देर ही सही पर होता भला,
संकट के आगे मेरे बाबा खड़ा,
जब जब देता करता हिसाब नहीं,
तेरी कृपा का बाबा जवाब नहीं,
जवाब नहीं,
तेरे आगे झोली को,
फैला कर मैं लूंगा,
चाहे खुशियाँ दे या ग़म,
मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है,
मुझे तो मेरा श्याम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

देगा जो सही है।bd।

चिंता ना अब कोई फिकर मुझे,
पल पल की है मेरी खबर तुझे,
झुमु नाचूं गाऊं मैं तो मौज करूँ,
कृपा से ये तेरी मैं तो रोज़ करूँ,
मैं रोज़ करूँ,
'राखी' संग बाबा को,
रिझाकर मैं लूंगा,
चाहे खुशियाँ दे या ग़म,
मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है।bd।

मुझे जो देंगे मेरे श्याम,
सर झुका कर मैं लूंगा,
चाहे खुशियां दे या ग़म,
मुस्कुरा कर मैं लूंगा,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है,
मुझे तो मेरा श्याम,
देगा जो सही है।bd।

Singer – Pankaj Bansal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com